आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 20.06.2026
समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– राज्य के विभिन्न हिस्सों में स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देकर रोजगार के साधन उपलब्ध कराये जा रहे हैं।
- मुख्य सचिव आंनंद बर्द्धन ने सभी विभागों को आजीविका से संबंधित योजनाओं को वाइब्रेंट विलेज योजना से जोड़ने के निर्देश दिये।
- प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के अंतर्गत कुमाऊं मंडल के कर्मचारियों को प्रोत्साहन राशि का लाभ मिलेगा।
- मौसम विभाग ने आज प्रदेश के पर्वतीय जिलों में बारिश के आसार जताये।

**मुख्यमंत्री पुश्कर सिंह धामी**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि युवा शक्ति ही विकसित भारत के निर्माण की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने युवाओं से देश को 2047 तक विकसित बनाने की मुहिम में शामिल होकर अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने का आह्वान किया।

प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में श्री धामी ने कहा कि रोजगारोन्मुखी योजनाओं और निवेश के प्रति सकारात्मक माहौल के चलते राज्य में रिकॉर्ड निवेश हुआ है। इससे युवाओं के लिए नौकरियों के बेहतर अवसर बने हैं और राज्य विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में निवेश को बढ़ावा देने के लिए 30 से अधिक नीतियां लागू की गई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र की स्टार्टअप इंडिया, स्किल इंडिया, डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया, फिट इंडिया और नई शिक्षा नीति जैसी योजनाओं से युवाओं के लिए नए अवसर पैदा हो रहे हैं जो देश को विकास की दिशा में आगे ले जा रहे हैं। श्री धामी ने कहा कि राज्य में स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए नई स्टार्टअप नीति लागू की गई है। उन्होंने कौशल विकास को प्राथमिकता देते हुए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से युवाओं को प्रशिक्षण, तकनीकी सहयोग और आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य के विभिन्न हिस्सों में स्थानीय उत्पाद को बढ़ावा देकर लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री युवा प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना और दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य विकास योजना के माध्यम से युवाओं को आगे बढ़ने के अवसर दिए जा रहे हैं

## अटल आयुष्मान योजना

आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा संचालित अटल आयुष्मान योजना लोगों के लिए वरदान साबित हो रहा है। इस योजना के तहत राज्य के प्रत्येक परिवार को प्रतिवर्ष 5 लाख रुपये तक का कैशलेस उपचार उपलब्ध कराया जाता है। योजना के माध्यम से हजारों गरीब एवं जरूरतमंद मरीज गंभीर बीमारियों का निशुल्क इलाज करवा रहे हैं। सीमांत चमोली जिले में भी इस योजना का लाभ लोगों को मिल रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अभिषेक गुप्ता के अनुसार जिले में अब तक लगभग 2 लाख 39 हजार आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। योजना के तहत 72 हजार 700 से अधिक लाभार्थियों को उपचार मिल चुका है, जबकि अब तक 118 करोड़ 8 लाख 58 हजार 372 रुपये का उपचार कराया जा चुका है।

योजना का लाभ उठा चुके मरीजों और उनके परिजनों का कहना है कि केंद्र एवं राज्य सरकार की यह पहल गरीब परिवारों के लिए बेहद उपयोगी साबित हो रही है।

## प्रधानमंत्री विकसित भारत

प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के अंतर्गत कुमाऊं मंडल के 5 हजार 2सौ से अधिक कर्मचारियों को प्रोत्साहन राशि का लाभ मिलेगा। क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त सिद्धार्थ साह ने बताया कि कुमाऊं क्षेत्रीय कार्यालय के कार्यक्षेत्र में आने वाले लाभार्थियों के लिए यह राशि निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत पात्र कर्मचारियों को आर्थिक सहायता प्रदान कर औपचारिक रोजगार को बढ़ावा दिया जा रहा है।

कार्यक्रम में लालकुआं विधायक मोहन सिंह बिष्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना युवाओं को रोजगार और सामाजिक सुरक्षा से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि इस योजना से क्षेत्र के हजारों युवाओं को लाभ मिलेगा साथ ही रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। कुमाऊं मंडल विकास निगम के प्रबंध निदेशक विनीत तोमर ने कहा कि रोजगार सृजन और कौशल विकास विकसित भारत के निर्माण की आधारशिला हैं। उन्होंने युवाओं से योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने का आह्वान किया।

## लोकसभा सांसद

टिहरी संसदीय क्षेत्र की लोकसभा सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह ने चारधाम यात्रा के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण उत्तरकाशी जिले में स्थित निर्माणाधीन सिलक्यारा टनल का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से जल्द ही सुरंग के अंतिम चरण के कार्य को गुणवत्तापूर्वक पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही जल्द ही सुरंग से आवाजाही शुरू करवाने को कहा है। सांसद श्रीमती शाह ने

कहा सिल्क्यारा टनल उत्तराखंड की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने वाली एक महत्वपूर्ण एवं दूरदर्शी परियोजना है। इसके पूरा होने से चारधाम यात्रा और अधिक सुगम, सुरक्षित होगी। साथ ही स्थानीय नागरिकों, यात्रियों, पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा सहित सामाजिक व आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी।

## मुख्य सचिव

मुख्य सचिव आंनंद बर्द्धन ने सभी विभागों को अपने त्रैमासिक लक्ष्य निर्धारित करते हुए आई एफ एम एस पोर्टल पर शीघ्र अपलोड करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने वित्त विभाग को नाबार्ड के अंतर्गत पशुपालन, फिशरीज आदि आजीविका से संबंधित विभागों में बजट की कोई सीलिंग न रखने को कहा। उन्होंने कहा कि आजीविका से संबंधित इन योजनाओं को वाइब्रेंट विलेज में भी अधिक से अधिक प्रयोग किया जाए, ताकि इन क्षेत्रों में अधिक से अधिक रोजगार के साधन उपलब्ध कराया जा सके। मुख्य सचिव ने नियोजन और वित्त विभाग को सभी विभागों से समन्वय बनाते हुए लगभग 2 से 3 हज़ार करोड़ के प्रस्तावों को तैयार रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजनाओं को शोर्ट लिस्ट करते हुए प्राथमिकता के आधार पर टेंटेटिव लिस्ट तैयार की जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए आधारभूत संरचनाओं के विकास में विशेष ध्यान दिया जाए। इसके लिए नाबार्ड के अंतर्गत ग्रामीण अवसंरचना विकास कोष के तहत की जा सकती है। उन्होंने शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग को स्कूल और अस्पताल भवनों को सुदृढ़ किए जाने के भी निर्देश दिए।

## मौसम

भारत मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून ने प्रदेश के आठ जिलों के कुछ हिस्सों में बारिश और 50 किमी प्रति घण्टा की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञान केंद्र ने आज देहरादून, टिहरी, रुद्रप्रयाग, चमोली, उत्तरकाशी, बागेश्वर, पिथौरागढ़ और नैनीताल में कहीं—कहीं बिजली चमकने, आंधी चलने और तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इसके साथ ही हिमालयी क्षेत्रों में बर्फबारी भी हो सकती है। हरिद्वार और उधम सिंह नगर जिलों में मौसम शुष्क रहेगा।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन एवं आयुर्वेदिक एवं यूनानी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में पौड़ी में भव्य 'रन फॉर योग' रैली का आयोजन किया गया। रैली को स्थानीय विधायक राजकुमार पोरी, मुख्य विकास अधिकारी अशोक जोशी एवं अपर जिलाधिकारी एफ आर चौहान ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के माध्यम से लोगों को स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली के लिए योग को अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर स्थानीय विधायक ने कहा कि योग देश की अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर है, जिसने पूरे विश्व को स्वस्थ जीवन का मार्ग दिखाया है। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास शरीर को स्वस्थ, मन को शांत और जीवन को सकारात्मक ऊर्जा से भर देता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाकर स्वस्थ समाज के निर्माण में

योगदान दें। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि योग केवल एक व्यायाम नहीं, बल्कि बेहतर जीवन जीने की कला है, जो व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाती है।